हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 अप्रैल 2026

06 स्टाइल में सीटी मारकर रोका ट्रैक्टर अधिकारी...


09 अब चीतों के घर कूनो में पहुंचा टाइगर, अफसरों...




## खबर संक्षेप

### सेवादल का मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम अटल पार्क में होगा संपन्न

**सागर।** अप्रेल माह के अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल का भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर अटल पार्क में संपन्न होगा। पूर्व सरपंच और कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राजा सेन के करकमलों से ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल के प्रदेश महासचिव विजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों,नगर निगम पार्षदों, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, यंग ब्रिगेड, सेवादल परिवार जन से सुबह 10 बजे अटल पार्क उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जीतू पटवारी का सागर आगमन आज, शहर कांग्रेस करेगी स्वागत

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का आज प्रातः 11 बजे सागर आगमन हो रहा हैं । जीतू पटवारी सागर आकर कांग्रेस परिवार के नेता अमित राम जी दुबे के बड़े भैया अतुल दुबे जी के सुपुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर शुभकामनाएं देंगे। जीतू पटवारी 12:00 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। अध्यक्ष महेश जाटव ने समस्त कांग्रेस जनों से अपील करते हुए कहा है कि 11:00 बजे मोती नगर चौराहे पर पहुंचे। जिला शहर कांग्रेस कमेटी समस्त कांग्रेस जनों के साथ मिलकर उनके सागर आगमन पर स्वागत करेगी। जीतू पटवारी वरिष्ठ कांग्रेस जनों से मुलाकात भी करेंगे ।

### राधा तिराहा का सौंदर्यकरण करने की मांग का विधायक को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** एकता समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष सुधीर जैन के नेतृत्व में विधायक शैलेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपकर राधा तिराहा गुजराती बाजार का सौंदर्यकरण करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि तिराहा पर भारी यातायात बढ़ गया है, इससे रोज जाम लग रहा है, इससे हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शहर अधिकांश चौराहों पर सौंदर्यकरण कार्य किए गए लेकिन शहर के मध्य राधा तिराहा पर कोई कार्य नहीं किया गया। बिजली के पोल सड़क किनारे होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। गल्ला मंडी रोड पर डिवाइडर बनने से यातायात में सुविधा मिल रही है लेकिन भगवानगंज जाने वाली सड़क पर डिवाइडर न होने से जाम के हालात बन रहे है। विधायक श्री जैन ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### नवजात शिशु की मृत्यु मामले में तीन सदस्यीय जांच दल गठित

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के आदेशानुसार डॉ. प्रतिभा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच हेतु समिति गठित की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जौरा नरयावली निवासी रीना राजपूत के प्रसव के दौरान ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा समय पर उचित उपचार नहीं दिए जाने के कारण गंभीर लापरवाही सामने आई, जिससे नवजात शिशु की मृत्यु हो गई। उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में डॉ. सचिन मलैया, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सागर संभाग, डॉ. ब्रजेश यादव, जिला चिकित्सालय सागर तथा प्रवीण दुबे, नायब तहसीलदार सागर ग्रामीण को शामिल किया गया है। गठित दल को निर्देशित किया गया है कि वह मौके पर पहुंचकर दल प्रभारी के मार्गदर्शन में शिकायत के बिंदुओं के अनुसार विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें।

---

नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतें स्वयं के वित्तीय संसाधन जुटाएं

# नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें : अध्यक्ष वित्त आयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया ने कहा है कि कलेक्टर्स श्रेष्ठ ग्राम पंचायतें और नगरीय निकाय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को श्रेष्ठ बनाने के लिए ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता प्रारंभ करें तथा अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों को पुरस्कृत भी करें। अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग ने कहा है कि सभी कलेक्टरों में उत्कृष्ट कार्य करने की भूख होना चाहिए। नवाचार करने की ललक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों को व्यवस्थाओं के लिए जो राशि दी जाती है, उसका सदुपयोग सुनिश्चित कराएं और राशि के उपयोग की लेखांकन व्यवस्था और अंकेक्षण व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया आज कमिश्नर कार्यालय सागर में संभागीय स्तरीय बैठक में कलेक्टर्स और अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं को सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए अपने वित्तीय संसाधनों का विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं और नगरीय निकाय अपने वित्तीय संसाधनों का विकास कर विकास को आगे बढ़ाएं।

अध्यक्ष मध्यप्रदेश वित्त आयोग ने सुझाव दिया कि नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा एक अच्छा विकल्प है। उन्होंने सुझाव दिया कि बिजली की बचत और आने वाली ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैठक में वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सागर संभाग में नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पन्ना कलेक्टर उषा परमार ने बताया कि पन्ना जिले में पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंडला में सफारी वाहनों से कर लिया जा रहा है, वहीं ग्राम पंचायत शाहनगर में भी जल कर की वसूली सहजता से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पन्ना जिले में ग्राम पंचायतों के माध्यम से करारोपण कर ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बैठक में नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ ने बताया कि टीकमगढ़ नगर क्षेत्र में लगभग 1000 दुकानें नगर पालिका क्षेत्र में किराए पर संचालित हैं। जिनका किराया कई वर्षों से नहीं बढ़ाया गया था। नगर पालिका की दुकानों का किराया 2 रुपये, 17 रुपये, 80 रुपये तक था, जिसमें वृद्धि करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ नगर में उपभोक्ता प्रभार को बढ़ाया गया है, जिससे टीकमगढ़ नगर पालिका की आय बढ़ी है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टीकमगढ़ ने बताया कि वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण जिला पंचायतों और जनपद पंचायतों के कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं होता है। किन्तु ईपीएफ संगठन द्वारा कर्मचारियों की ईपीएफ की राशि नहीं जमा करने पर पेनल्टी लगाई जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस व्यवस्था को व्यवहारिक बनाया जाए।

बैठक में अध्यक्ष राज्य वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया ने सागर नगर निगम क्षेत्र से लगे हुए गांवों में आवास निर्माण के लिए दी जा रही अनुमतियों पर चर्चा की तथा कहा कि ग्राम पंचायतों में कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी ग्राम पंचायतों को भी राजस्व प्राप्त होना चाहिए और ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए।

बैठक में सदस्य राज्य निर्वाचन आयोग के. के. सिंह ने बताया कि केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाएं एक अप्रैल से लागू हुई हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न संसाधनों से भारत सरकार को जो राजस्व प्राप्त होता है, उसमें से 41 प्रतिशत राजस्व राज्यों को देने का प्रावधान किया गया है। बैठक में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल, कलेक्टर निवाड़ी जमुना भिड़े, कलेक्टर दमोह प्रताप नारायण यादव, कलेक्टर टीकमगढ़ विवेक श्रोत्रिय, आयुक्त नगर निगम सागर राजकुमार खत्री, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरुआखेड़ा में 2 बाइकों की आमने - सामने भिड़ंत : 7 साल की बच्ची और युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर-बीना मार्ग पर जरुआखेड़ा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 7 वर्षीय बच्ची और एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। एक बाइक पर खुरई के वन खिरिया निवासी राहुल सिंह सवार थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर धरमपुर निवासी रामदास कुशवाह, सोनू कुशवाह, संध्या पटेल और उनकी बेटी श्रद्धा सवार थीं। घटना शुक्रवार -शनिवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे के तुरंत बाद सागर से लौट रही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के ईएमटी सुरेंद्र प्रजापति और पायलट प्रहलाद यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जरुआखेड़ा पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को सागर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान 7 वर्षीय श्रद्धा ने भी दम तोड़ दिया। वर्तमान में अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## शादी समारोह के दौरान वेटर का काम कर रहे 15 वर्षीय किशोर की अज्ञात कारणों से हुई मौत

**खुरई ।** शहनाई गार्डन में एक शादी समारोह के दौरान वेटर का काम कर रहे 15 वर्षीय किशोर की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मृतक की पहचान घोरट निवासी टीकाराम उर्फ मनीष कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार को हुई। मृतक के साथ काम करने वाले प्रीत कुशवाहा ने बताया कि मनीष काम करते हुए कुर्सी पर बैठ गया था। तभी वह अचानक कुर्सी से गिर गया। वहां मौजूद अन्य साथियों ने उसे उठाने और पानी पिलाकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन कोई हलचल न होने पर उसे तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद मनीष को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ओमकार कुशवाहा ने बताया कि उनका बेटा घर से तैयार होकर गार्डन के लिए निकला था। उन्हें बाद में सूचना मिली कि बेटा अस्पताल में है, जहां पहुंचने पर वह मृत मिला। ओमकार कुशवाहा ने कैटरिंग ठेकेदार और होटल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। पिता ने यह भी बताया कि मनीष ने हाल ही में नौवीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास की थी और छुट्टियों के कारण वह गार्डन में काम करने गया था।खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




## एनसीसी सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने किया निरीक्षण

**सागर।** 11 मप्र बटालियन एनसीसी सागर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 आर्मी केंट ढाना में दिनांक 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है, जिसमे 488 एनसीसी कैडेट्स एवं 04 एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे है। शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी गतिविधियों के अलावा खेलकूद के बाद व्यक्तिगत साफ-सफाई और नैतिक एवं प्रेरणादायक विषयों के बारे में व्याख्यान दिया जा रहा है। एनसीसी सागर ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा द्वारा इस शिविर का निरीक्षण किया गया, एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया एवं कैम्प के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियां जैसे ड्रिल, शूटिंग, फायरिंग, मेप रीडिंग, ओब्सटीकल ट्रेनिंग, ड्रोन ट्रेनिंग, व्यक्तित्व विकास आदि के संबंध में जानकारी ली, इस दौरान एनसीसी कैडिटों को एकता और अनुशासन का महत्व समझाया एवं इस लक्ष्य में अग्रसित होने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने स्पोर्टस शूटिंग, टीएससी कैम्प और आरडीसी कैम्प में भाग लेने हेतु एनसीसी कैडिटों को प्रेरित किया इसके साथ शिविर में भाग ले रहे एनसीसी अधिकारियों एवं कैडिटों को संबोधित किया। निरीक्षण के दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल दुष्यंत शर्मा द्वारा ग्रुप कमाण्डर का शिविर निरीक्षण पर आभार व्यक्त किया।

## शहर संभाग सागर में मुख्य अभियंता का औचक निरीक्षण, प्रगति बढ़ाने के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मुख्य अभियंता, सागर क्षेत्र डी. कुमार द्वारा आज शहर संभाग सागर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व वसूली, समाधान योजना की प्रगति ,मेंटेनेंस की जोन वार गहन समीक्षा की गई। पावर हाउस ज़ोन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को इस सप्ताह प्रगति में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्मार्ट मीटर की प्रगति का अवलोकन करते हुए, उनसे प्राप्त इवेंट्स के आधार पर विद्युत चोरी के प्रकरणों की समीक्षा की गई। मुख्य अभियंता ने चेकिंग अभियान को और अधिक सघन करने तथा जिन कनेक्शनों में चोरी पाई जाए, उन पर तत्काल प्रभाव से डिस्कनेक्शन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को रात्रि कालीन चेकिंग अभियान चलाने, कटे हुए कनेक्शनों की नियमित जांच करने एवं बकाया समाधान योजना की प्रगति बढ़ाने हेतु लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नए सर्विस कनेक्शनों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी नए कनेक्शन निर्धारित समय-सीमा में प्रदान किए जाएं।

इसके अतिरिक्त 11 केवी एवं 33 केवी फीडरों के मेंटेनेंस कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारू एवं बेहतर बनाए रखने एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

## बांदरी शासकीय महाविद्यालय में इतिहास व राजनीति शास्त्र में पीजी पाठ्यक्रम इस सत्र से प्रारंभ

**सागर।** पूर्व गृहमंत्रीभूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से शासकीय महाविद्यालय बांदरी में इतिहास व राजनीति शास्त्र विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आरंभ कर दिया गया है। शासकीय महाविद्यालय बांदरी के प्राचार्य राजेंद्र कुमार यादव द्वारा पूर्व गृहमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है कि बांदरी महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से स्ववित्तीय आधार पर इतिहास तथा राजनीति शास्त्र विषयों में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। दोनों विषयों हेतु महाविद्यालय में 30-30 सीट उपलब्ध होंगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा में गत सत्र के दौरान खुरई विधानसभा क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक व्यवस्था हेतु प्रश्न उठाया गया था। पहले खुरई शासकीय महाविद्यालय और अब बांदरी शासकीय महाविद्यालय ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के आदेश जारी कर दिए हैं।



## मानव एकता दिवस पर 105 लोगों ने किया रक्तदान

**सागर।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने संत निरंकारी मिशन के सदगुरु बाबा गुरवचन सिंह जी की याद में प्रत्येक वर्ष की भांति मानव एकता दिवस मनाया गया । मानव एकता दिवस पर हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी ये आयोजन किया गया है। जिसमें निरंकारी मिशन के भाई बहनों के अलावा कई लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। मानव एकता दिवस के उपलक्ष में सागर में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा आज शास्त्री वार्ड स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव एकता हे जिसमें बाबा हरदेव सिंह जी महराज ने अपनी बाड़ी में कहा था रक्त नालियों में न बहे रक्त नाड़ियों में बहे। आज लगभग पूरे भारत में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इसी कड़ी में सागर जोन के सागर निरंकारी मंडल द्वारा 105 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें 18 वर्ष से 50 वर्ष के भाई बहनों ने बढ़चढकर भाग लिया और इस महान कार्य में अपना योगदान दिया । कार्यक्रम की शुरुवात में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने इस रक्तदान शिवर का शुभारंभ किया । इस का कार्यक्रम की अध्यक्षता सागर निरंकारी मिशन के जोनल इंचार्ज ने की एवं सभी आए महात्माओं का स्वागत एवं आभार माना।



## राजा हिरदे शाह बलिदान दिवस की तैयारी को लेकर लोधी समाज की बैठक संपन्न

**सागर।** 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक, अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला देने वाले तथा “नर्मदा टाइगर” के नाम से विख्यात राजा हिरदेशाह लोधी जी की पुण्यतिथि को इस वर्ष 28 अप्रैल को भोपाल के जम्बूरी मैदान में भव्य रूप से शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोधी क्षत्रिय समाज महासभा जिला सागर द्वारा शुक्रवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सागर के तिली क्षेत्र में रॉयल पैलेस होटल के पास स्थित राजेंद्र सिंह लोधी के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, युवा नेतृत्व तथा विभिन्न तहसील प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर आयोजन की रूपरेखा पर गंभीर चर्चा की। बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं कार्यक्रम के सहप्रभारी इंजीनियर राजेंद्र सिंह लोधी के विशेष आतिथ्य में तथा शहरी जिलाध्यक्ष डॉ. रामस्वरूप राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 28 अप्रैल को भोपाल में आयोजित होने वाले राजा हिरदेशाह लोधी शौर्य दिवस कार्यक्रम की तैयारी, सागर जिले से अधिकाधिक संख्या में समाजजनों को भोपाल ले जाने की रणनीति, परिवहन व्यवस्था, जनसंपर्क अभियान तथा विभिन्न जिम्मेदारियों के वितरण पर विस्तार से मंथन किया गया। समाज के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक वर्ग तक इस आयोजन का संदेश पहुँचाने तथा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि राजा हिरदेशाह लोधी केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि स्वाभिमान, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। 1842 की क्रांति में उनका योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

---

विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन

# किताबें जीवन का पथ-प्रदर्शक होती हैं, विद्यार्थी इनसे दोस्ती करना सीखें : कुलपति प्रो. वायएस ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में 'विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस' के उपलक्ष्य में “फ्रॉम माइंड टू मार्केटः अंडरस्टैंडिंग द आईपीआर बास्केट” विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुस्तकालय भवन के सामने मुक्ताकाश परिसर में सामूहिक पुस्तक का वाचन भी किया गया। इस आयोजन में कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर, कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय, उप कुलसचिव सतीश कुमार सहित कई शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि पुस्तकें पढना एक अच्छी आदत है। आज नई तकनीक के युग में लोग किताबों से दूर होते जा रहे हैं. आज भले ही तकनीक ने मोबाइल और कंप्यूटर पर सभी ज्ञान सामग्री उपलब्ध करा दी हो लेकिन किताबों का कोई विकल्प नहीं है। पुस्तकें हमारी मित्र की तरह होती हैं। यह न केवल ज्ञान प्रदान करती हैं बल्कि हमें जीवन जीने की कला भी सिखाती हैं। उन्होंने कहा कि हैरी पॉटर जैसी पुस्तक दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली पुस्तकों में शामिल हुई। यह रिकॉर्ड यह बताता है कि पुस्तकों का महत्त्व अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा की उपन्यास, कहानी की पुस्तकें न केवल हमें आनंद प्रदान करती हैं बल्कि हमारे पढ़ने की रूचि को जाग्रत करती हैं। यह हमें समय के इतिहास और घटनाओं से भी परिचय करती हैं. हमारी सृजनशीलता और कल्पना शीलता को बढ़ाती हैं।पुस्तकालय को इसीलिये ज्ञान का भंडार कहा जाता है।उन्होंने विद्यार्थियों को किताबों से दोस्ती करने की सलाह देते हुए कहा कि किताबें जीवन का पथ-प्रदर्शक होती हैं, विद्यार्थी इनसे दोस्ती करना सीखें।


मुख्य वक्ता आई सी ए एस टी के प्रमुख डॉ. शिवराम बी. एस. ने बताया कि कैसे अपने मौलिक विचारों को कानूनी सुरक्षा प्रदान कर उन्हें व्यावसायिक सफलता में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा मानव मस्तिष्क की रचनाओं का प्रतिनिधित्व करती है, और ऐसी रचनाओं की सुरक्षा नवाचार को बढ़ावा देने, स्वामित्व सुनिश्चित करने और व्यावसायीकरण को सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने बौद्धिक संपदा (आईपी) को एक विचार या रचना के रूप में बौद्धिक संपदा अधिकार के तहत प्रदान की जाने वाली कानूनी सुरक्षा के रूप में परिभाषित किया। 'आईपीआर बास्केट' के बारे में बताते हुए उन्होंने कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, भौगोलिक संकेत और व्यापार रहस्य जैसे प्रमुख बिन्दुओं को शामिल किया । शैक्षणिक संदर्भों में कॉपीराइट पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि यह विद्वानों के कार्यों की सुरक्षा करता है, लेखकों के नैतिक और आर्थिक अधिकारों की रक्षा करता है, और अकादमिक प्रकाशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने ब्रांडिंग में ट्रेडमार्क, उत्पाद सौंदर्यशास्त्र में औद्योगिक डिजाइन और क्षेत्र-विशिष्ट उत्पादों के संरक्षण में भौगोलिक संकेतकों की भूमिका पर भी चर्चा की ।

कार्यक्रम का संचालन और स्वागत संबोधन पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मोहन टी. ए. द्वारा किया गया। सेंट्रल लाइब्रेरी की पूरी टीम के सक्रिय सहयोग से इस अवसर पर ड्राइंग, डिजाइनिंग और ओपन बुक रीडिंग जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### ब्रह्म मुहूर्त में छापे से रेत माफिया में हड़कंप, सख्ती और स्टाइल दोनों चर्चा में

# स्टाइल में सीटी मारकर रोका ट्रैक्टर अधिकारी का अंदाज हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ शनिवार की सुबह खनिज विभाग की कार्रवाई सिर्फ सख्ती तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसमें खनिज अधिकारी द्वारा स्वच्छचंद अंदाज में अपनाया गया फिल्मी स्टाइल का तड़का भी देखने को मिला। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने तेज रफ्तार से भाग रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछा करते हुए रोकने के लिए अपने चार पहिया वाहन में ही बैठे बैठे सीटी मारकर ऐसा इशारा किया कि पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया और देखते ही देखते उक्त वाक्या सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में रावत का अंदाज लोगों को खासा पसंद आ रहा है, जहां वे एक्शन मोड में सीटी मारकर वाहन रुकवाते नजर आते हैं। इस अनोखे अंदाज ने न सिर्फ कार्रवाई को प्रभावी बनाया, बल्कि आम लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया।

### माफिया की रणनीति को बनाया उन्ही के विरुद्ध हथियार

खनिज विभाग ने अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए रेत माफिया की ही नीति अपनाते हुए रणनीति में बदलाव करते हुए ब्रह्म मुहूर्त में छापामार कार्रवाई शुरू की। चूंकि देर रात का और सुबह ब्रह्म मुहूर्त का यह वही समय होता है जब रेत माफिया इस समय को सुरक्षित मानते हुये अब तक प्रशासन को चकमा देकर यह सोचकर अवैध रेत परिवहन करता था कि देर रात और सुबह तो अधिकारी सोते रहते है। लेकिन अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में खनिज विभाग ने माफिया की उक्त रात व ब्रम्ह मुहूर्त की नीति को ही हथियार बनाकर देर रात्रि में और ब्रम्ह मुहूर्त में रेत माफिया के बिरुद्ध जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्रवाई की शुरुआत टीकमगढ़ मंडी रोड से हुई, जहां अवैध मुरम से भरा एक ट्रक पकड़ा गया और देहात थाना में खड़ा कराया गया। इसके बाद दिगौड़ा और जतारा क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। मेंदवारा रेत खदान में निरीक्षण के दौरान भले ही उत्खनन नहीं मिला, लेकिन अधिकारियों ने कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। चंदेरा के मडोरी घाट पर भी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में उपयोग हो रहे दो डीजल पंपों को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जिससे माफियाओं को साफ संदेश गया कि अब किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। इस पूरी कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। जो लोग अब तक रात और सुबह के समय को सुरक्षित मानकर अवैध कारोबार चला रहे थे, उनके लिए यह कार्रवाई किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

#### खनिज टीम के सामने ही डंपर खाली करने पर बना जुर्माना केस

जतारा में कार्रवाई के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू के घर के पास एक डंपर छरिया से भरा हुआ मिला। जैसे ही खनिज टीम मौके पर पहुंची और कार्यवाही संबंधित पूछताछ कर ही रही थी, उसी दौरान चालक ने डंपर का माल सड़क पर गिराकर वाहन खाली कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले की जानकारी तत्काल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को दी गई, जिसके बाद डंपर मालिक के खिलाफ जुर्माना प्रकरण दर्ज किया गया। फिलहाल वाहन सुपुर्दगी में दिया गया है, लेकिन जुर्माना अदा न करने की स्थिति में कलेक्टर न्यायालय से नोटिस जारी करने की चेतावनी दी गई है। जिले में खनिज विभाग की उक्त कार्रवाई साफ संकेत देती है कि अब अवैध खनन पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि रणनीति और अंदाज दोनों बदले जा चुके हैं। और यही बदलाव माफियाओं के लिए सबसे बड़ा सबक भी है।

#### इनका कहना है

रेत व खनिज माफियाओं के खिलाफ कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशन में इसी प्रकार कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

विपुल रावत, खनिज अधिकारी टीकमगढ़

### खजरी के पास ग्रामीणों की घेराबंदी में दबोचे गए दो युवक

# एसपी के अभियानों से प्रेरित हुए ग्रामीणों ने पकड़े शराब माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा निरंतर चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियानों का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। जिसके परिणामस्वरूप जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के खजरी गांव के पास ग्रामीणों ने अवैध शराब की खेप ले जा रहे दो युवकों को साहस और सजगता के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, अवैध शराब माफिया के बिरुद्ध कार्य करने पर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह और हलचल बनी हुई है।

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खजरी गांव के समीप संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर ग्रामीण सतर्क हो गए और तुरंत एकजुट होकर घेराबंदी कर दी। सूझबूझ से कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों ने अबैध शराब लें जाते हुये दोनों युवकों को दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध शराब बरामद हुई, जिसके बाद बिना देर किए पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पलेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लेकर खजरी चौकी ले गई। थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ अवैध शराब रखने एवं परिवहन करने का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है और वैधानिक कार्रवाई जारी है। इस घटना के बाद जहां शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है, वहीं ग्रामीणों की जागरूकता और हिम्मत की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। सबसे सुखद बात तो ये है कि पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में जिले में लंबे समय से चल रहे नशा विरोधी अभियान को अब आमजन का भी मजबूत समर्थन मिलने लगा है, जो कानून व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। बही दूसरी ओर पलेरा थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ लड़ाई अब सिर्फ पुलिस की ही नहीं रही बल्कि एसपी मंडलोई द्वारा संचालित जागरूकता अभियानो के चलते गांव-गांव में लोग खुद अबैध शराब के बिरुद्ध मोर्चा संभाल रहे हैं, और यही जनभागीदारी शराब माफियाओं के लिए सबसे बड़ा सबक बनेगी।

### महिला ने थाने में की दहेज उत्पीड़न शिकायत



**पलेरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लहर बुजुर्ग निवासी शिवानी अहिरवार ने पलेरा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अपने पति करण सिंह अहिरवार एवं ससुराल पक्ष पर दहेज मांग, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी करीब तीन वर्ष पूर्व झांसी जिले के लुहर गांव निवासी करण सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही लगातार दहेज की मांग की जाने लगी और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। पीड़िता ने अपनी सास कुसुम पर भी बेटे को उकसाने तथा नकदी व जेवर की मांग करने का आरोप लगाया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि फोन पर आत्महत्या के लिए उकसाने और परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही पति पर जबरन गर्भपात कराने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार शिकायत की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# संकट की घड़ी में सहारा बनके 6 कृषक परिवारों को बांटे चेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राज्य शासन किसानों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए लगातार संवेदनशील पहल कर रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के तहत जिले के 6 प्रभावित कृषक परिवारों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने हितग्राहियों को स्वीकृत राशि के चेक वितरित किए।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि शासन किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संकट की घड़ी में उनके परिवारों को आर्थिक संबल देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन परिवारों को सहायता दी जाती है, जिनके सदस्य की कृषि कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो जाती है या गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। उक्त कार्यक्रम दौरान जिन 6 हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि चैक दिए गये उनमे दरगायं खुर्द निवासी राजाबेटी पत्नी स्व. हरप्रसाद यादव, दोह चक्र-1 तहसील खरगापुर की पार्वती पत्नी स्व. मुन्नीलाल लोधी, ग्राम करमासन हटा तहसील बल्देवगढ़ की गिरिजा पत्नी स्व. कुसुमचंद्र लोधी, ग्राम पठा तहसील टीकमगढ़ की प्रेमबाई पत्नी स्व. बसंता कुशवाहा, ग्राम सुडो तहसील खरगापुर की बेटीबाई पत्नी स्व. हल्के सौर तथा ग्राम गरौली तहसील बल्देवगढ़ के राजबहादुर लोधी तनय रामप्रसाद लोधी शामिल है। प्रत्येक पात्र हितग्राही को 4 लाख रुपये की सहायता राशि मिलने से प्रभावित परिवारों को कठिन परिस्थितियों से उबरने में बड़ी राहत मिलेगी। शासन की इस पहल को जरूरतमंद किसानों के लिए महत्वपूर्ण सहारा माना जा रहा है।

**कलेक्टर ने वितरित किए चेक, कृषि कार्य के दौरान हादसों से प्रभावित परिवारों को मिला संबल**

### मुस्कान अभियान में सफलता, 3 गुमशुदा नाबालिग बालिकाएं बरामद

# एसपी बोले : नाबालिगों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में नाबालिगों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से ही हर बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया जा सकता है। उक्त बयान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने तब दिया ज़ब जिले में गुमशुदा नाबालिगों की खोज और उनकी सुरक्षित वापसी को लेकर पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में संचालित मुस्कान अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस टीम लगातार सक्रिय रहते हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

इसी क्रम में थाना बुढेरा में दर्ज धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामले में गुमशुदा एक नाबालिग बालिका को 24 अप्रैल को सफलतापूर्वक खोजकर सकुशल खोज लिया गया। बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बन गया। इस कार्रवाई में बुडेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज यादव, सहायक उपनिरीक्षक चुन्नू लाल समुद्रे एवं प्रधान आरक्षक हरप्रसाद राजपूत की अहम भूमिका रही। वहीं थाना कोतवाली में दर्ज दो पुराने मामलो के तहत गुमशुदा दो अन्य नाबालिग बालिकाओं को भी कोतवाली पुलिस द्वारा सकुशल खोजकर 24 अप्रैल को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक, सहायक उपनिरीक्षक उदयराज, प्रधान आरक्षक धरमदास, आरक्षक गौरीशंकर, अजय, बिजेंद्र एवं महिला आरक्षक रामसखी की सक्रिय भूमिका रही। प्रकरणों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा टीमों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के अनुरूप पुलिस ने तकनीकी संसाधनों, साइबर सेल और स्थानीय सूचनाओं का प्रभावी उपयोग करते हुए निरंतर प्रयास कर बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गुमशुदा बच्चों की खोज एवं उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में अब तक पुलिस द्वारा विभिन्न राज्यों एवं शहरों से 45 से अधिक गुमशुदा नाबालिगों को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है।

# खुले में मांस विक्रय पर सख्ती से लगाएं प्रतिबंध : एसपी

**देहात थाना क्षेत्र में प्रशासन-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, विक्रेताओं को दी चेतावनी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

देश में खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध के शासन के निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में सख्त अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशों के अनुरूप जिले में यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन मिथिलेश शुक्ला और डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में निरंतर जारी है।

एसपी ने जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले में मांस विक्रय पर सतत निगरानी रखें और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करें। इसी क्रम में 24 अप्रैल को थाना देहात प्रभारी निरीक्षक चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर खुले में संचालित अंडा, मांस एवं मछली विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विक्रेताओं को तत्काल प्रभाव से खुले विक्रय बंद करने के निर्देश दिए गए और भविष्य में नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त चेतावनी दी गई। आवश्यकतानुसार मौके पर वैधानिक कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। खुले में मांस विक्रय अथवा अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस दौरान पुलिस ने दोहराया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनहित की सुरक्षा के लिए यह अभियान आगे भी सघन रूप से जारी रहेगा।

# डिजिटल जनगणना की तैयारी तेज, विशेष प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




भारत की आगामी जनगणना 2027 को सफल और सटीक बनाने के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगर के सांदीपनि विद्यालय में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें आधुनिक डिजिटल तकनीक के जरिए जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न करने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर मनीष भार्गव और गौरीशंकर यादव ने प्रतिभागियों को बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव है। इस बार की जनगणना को खास बनाते हुए डेटा संग्रहण पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और सटीकता हो सके। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। प्रभार अधिकारी एवं सीएमओ शिबी उपाध्याय ने प्रगणकों को उनके क्षेत्रवार ब्लॉकों की जानकारी देते हुए कार्य की रूपरेखा समझाई। उन्होंने बताया कि 26 से 30 अप्रैल तक ब्लॉक चिन्हांकन का कार्य किया जाएगा, जबकि 1 मई से 30 मई तक मकान गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को डिजिटल फॉर्म भरने की प्रक्रिया, डेटा की शुद्धता बनाए रखने और गोपनीयता के नियमों का अभ्यास कराया गया, ताकि जनगणना कार्य बिना किसी त्रुटि के संपन्न हो सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भरकर प्राप्त एसई आईडी को सुरक्षित रखें और प्रगणक को उपलब्ध कराएं, जिससे जनगणना प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं तेज बनाया जा सके।

### पलेरा चोरी कांड में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश

# गंभीर अपराधों पर अल्टीमेटम, क्राइम मीटिंग में निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में सख्त अल्टीमेटम दे दिए। बैठक में गंभीर अपराधों, आर्थिक अपराधों, चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्त आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और विवेचना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुये कड़े निर्देश दिए गये।

एसपी मंडलोई ने प्रत्येक थाना क्षेत्र के प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों एवं विवेचकों से प्रकरणवार जानकारी ली। इस दौरान जहां उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना की गई, वहीं लापरवाही या कमी पाए जाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से पलेरा क्षेत्र में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए गठित पुलिस टीम के कार्यों की समीक्षा की गई। एसपी ने आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए और मामले में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने पुलिस महानिरीक्षक सागर मिथिलेश शुक्ला एवं डीआईजी छतरपुर रेंज विजय खत्री के निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि अपराधों की पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी मंडलोई ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करें, अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाएं और तकनीकी साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही टीम वर्क और समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक, देहात थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रजीत यादव, पलेरा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव, बल्देवगढ़ थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंदन शाक्य, चौकी प्रभारी कनेरा उप निरीक्षक आकाश रुशिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पर्यटकों का बढा रोमांच, अफसरों को सता रही चीता और टाइगर में संघर्ष होने की चिंता

# अब चीतों के घर कूनो में पहुंचा टाइगर ,अफसरों की बढी टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इन दिनों जिस तरह बाघों के घर राजस्थान की रणथंभोर टाइगर सेंचुरी क्षेत्र में पहुंचे चीते ने राजस्थान के वन विभाग के अफसरों की टेंशन बढा रखी है। ठीक उसी तरह की टेंशन अब श्योपुर जिले के कूनो पार्क प्रशासन के अफसरों की बढ गई है। ऐसा इसलिए कि रणथंभोर के एक टाइगर ने चीतो के घर कूनो नेशनल पार्क में अपनी एंट्री एक बार फिर दर्ज करा दी है। हालांकि टाइगर की इस एंट्री ने कूनो नेशनल पार्क में घूमने के लिए पहुंचने वाले पर्यटको का रोमांच बढा दिया है,लेकिन चीतो की सुरक्षा में लगी कूनो पार्क की टीम को चिंता में डाल दिया है. वन विभाग के अफसरों को यह चिंता सता रही है कि कहीं कूनो पार्क के अंदर चीता और टाइगर की भिडंत न हो जाए यदि ऐसा हुआ तो चीते को नुकसान पहुंचना तय है।

दरअसल रणथंभौर टाइगर रिजर्व से निकला बाघ (टी-2512) इन दिनों श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में दाखिल हो गया है। उसे कूनो के जंगल का वातावरण और शिकार खूब पसंद आ रहा है। कूनो के जंगल में शिकार के लिए पर्याप्त हिरण,चीतल,सांभर, नीलगाय तथा जंगली सूअर प्रचुर मात्रा में मौजूद है। इसलिए यह टाइगर कूनो को अपनी टेरिटरी बना रहा है। बताया जा रहा है कि कूनो नेशनल पार्क में टाइगर ने बीते फरवरी महीने के दौरान भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई थी।



### पर्यटको का बढ़ा रोमांच,टाइगर का हो रहा दीदार

कूनो नेशनल पार्क में घूमने के लिए इन दिनों जो पर्यटक पहुंच रहे है,उनका रोमांच कूनो पार्क के भ्रमण के दौरान काफी बढता दिखाई पड रहा है। क्योंकि पर्यटकों को कूनो पार्क के भ्रमण के दौरान चीतो का दीदार होने के साथही टाइगर का भी दीदार हो रहा है. बताया जा रहा है कि यह टाइगर अक्सर कूनो पार्क के 'फ्लाइंग कैट सफारी' क्षेत्र में नजर आ रहा है, जिससे पर्यटक रोमांचक अनुभव कर रहे हैं। पर्यटक टाइगर का दीदार होने के नजारे को न केवल अपने कैमरे में कैद कर रहे है,बल्कि कैमरे मे कैद की जाने वाली टाइगर की तस्वीरो को सोशल मीडिया पर डालने से भी नहीं चूक रहे है।

### उधर चीते को रास आ रहा बाघों का घर

उधर कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान के टाइगर रिजर्व में पहुंचा चीता केपी 2 को राजस्थान के सवाईमाधोपुर का जंगल रास आ रहा है। इसलिए वह चीता वापस श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क की ओर लौटने का मन नहीं कर रहा है। भलेही राजस्थान के सवाईमाधोपुर के जंगल में चीते को बाघो से खतरा बना हुआ है,लेकिन इसके बाद भी चीते वापस लौटने को तैयार नहीं दिख रहा है। हालांकि पहले यह चीता राजस्थान के सवाईमाधोपुर शहर में आबादी क्षेत्र में पहुंच गया है,लेकिन अब यह चीता वापस जंगल की ओर रूख कर रहा है। इस चीते को लेकर राजस्थान के वन विभाग के अफसर भी चिंतित दिख रहे है। वहीं कूनो की पार्क की निगरानी टीम भी चीते की सुरक्षा को लेकर पैनी नजर बनाए हुए है।

### टाइगर और चीतों के संघर्ष की आशंका

टाइगर की मौजूदगी से कूनो नेशनल पार्क में रह रहे चीतों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ी हुई है क्योंकि वर्तमान में खुले जंगल में 12 चीते रह रहे हैं. जिसमें से 2 चीते तो राजस्थान के अलग-अलग जिले में है. इसके अलावा एक मुरैना और एक ग्वालियर जिले में देखे जा रहे हैं. टाइगर और चीतों के आमने सामने आने पर संघर्ष की आशंका बनी रहती है। इसलिए चीतो की सुरक्षा को लेकर निगरानी कर रही कूनो पार्क की टीम इस घटनाक्रम पर पूरी नजर रखे हुए है।

**इनका कहना...**

टाइगर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है. इसी के साथ चीतों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. टाइगर की मौजूदगी से चीतों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है।

**आर थिरुकुरल**
**डीएफओ कूनो नेशनल पार्क श्योपुर**

# तीन सेंटरों पर आज होगी पीएससी परीक्षा,692 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल रविवार को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। श्योपुर जिले में यह परीक्षा तीन सेंटरों पर आयोजित होगी, जिसमें 692 परीक्षार्थी शामिल होंगे। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रोनिक गेजेट्स ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

एमपी पीएससी परीक्षा 26 अप्रैल को परीक्षा सेंटर शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर, शासकीय गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल श्योपुर एवं पीजी कॉलेज पाली रोड श्योपुर पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सांय 4.15 बजे तक दो सत्रो में आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को निर्देश दिये गये है कि वे परीक्षा समय से 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच की जायेगी। परीक्षार्थियों की एचएचएमबी के माध्यम से दोनो सत्रो में जांच होगी। पुरूष परीक्षार्थियों की जांच पुरूष वीक्षकों द्वारा एवं महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा केबिन में की जायेगी। परीक्षार्थी अपने साथ केवल बॉलपेन एवं पानी की पारदर्शी बोतल तथा ई-प्रवेश पत्र व आईडी कार्ड साथ में ला सकेंगे।

### इन वस्तुओं को ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी की गई वर्जित वस्तुओं की सूची में मोबाइल फोन, पेनड्राईव, बालो में बांधने की क्लेचर अथवा बक्कल, स्मार्ट वॉच, डिजिटल घडी, चॉबी, इलेक्ट्रोनिक चॉबी, स्कैल, पेंसिल, कैप, हाथ में पहने जाने वाले मेटेलिक अथवा चमडे के बैंड, सामान्य घडी, बेल्ट, पर्स, धूप के चश्मे, ब्लूटूथ, इयरफोन, मौजे, जूते, व्हाइटनर, रबर (इरेजर), माचिस, लायटर, विभिन्न प्रकार के आईटी गेजेट्स, अस्त्र-शस्त्र, शॉर्पनर, ब्लेड शामिल है, इन वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र में ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षार्थी अपने साथ ई-प्रवेश पत्र, काली स्याही का बॉलपेन, फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार, वोटरकार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, पेनकार्ड इत्यादि) एवं पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकते है।

### 10वीं और 12वीं द्वितीय परीक्षा का आवेदन भरने की अंतिम तिथि आज

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी है। मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहें छात्र इस द्वितीय परीक्षा में भाग लेने के लिए 26 अप्रैल तक अपने आवेदन कर सकते है। डीईओ यश जैन ने बताया कि हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा का आयोजन 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हैं, वे द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र भी अंक सुधार हेतु द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे पात्र विद्यार्थियों को समय-सीमा के भीतर आवेदन कराने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें।

# समूह जल प्रदाय योजनाओं का किया गया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

मध्यप्रदेश जलनिगम के प्रबंध संचालक केवीएस चौधरी तथा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम क्रियान्वयन इकाई, ग्वालियर के अंतर्गत जिला श्योपुर की मूंझरी डैम आधारित मूंझरी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं चंबल नदी आधारित, श्योपुर-चंबल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, महाप्रबंधक क्रियान्वयन इकाई ग्वालियर जेपी गनोते आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण में योजना की प्रगति एवं क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।प्रबंध संचालक चौधरी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा इस दौरान चंबल समूह अंतर्गत ग्राम श्यारदा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा बरोठा में इंटेकवेल निर्माण स्थल का अवलोकन करते हुए कार्य शुरू करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए गए। इसी प्रकार मूंझरी समूह जल प्रदाय योजना के तहत भी स्थल निरीक्षण कर डब्ल्यूटीपी और इंटेकवेल के निर्माण कार्यों को शुरू करने के निर्देश प्रदान किए गए। उल्लेखनीय है कि, जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित मूंझरी समूह जल प्रदाय योजना में 120 तथा चंबल समूह प्रदाय योजना में 377 ग्राम शामिल है। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 497 ग्रामों में वॉटर सप्लाई होगी।

खरीदी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए सरकार ने बढाई स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि

# 10 दिन में समर्थन मूल्य पर 2350 किसानों से खरीदा गया 12 हजार 500 मीट्रिक टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर 33 खरीद केन्द्रों पर किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही है। हालांकि किसान नेता गेहूं खरीदी के दौरान गेहूं पास करने के नाम अवैध वसूली किसानों से किए जाने का आरोप लगा रहे है, मगर विभागीय अधिकारियों ने इस तरह के आरोपो को नकारते हुए इस तरह की शिकायतों की जांच कराए जाने की बात कही है। पिछले 10 दिनों से चल रही गेहूं खरीदी के दौरान जिले के 2350 किसानों से समर्थन मूल्य पर 12500 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। उधर सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिए स्टॉल बुक करने की अंतिम तारीख बढा दी गई है। पहले स्टॉल बुक करने की अंतिम तिथी 30 अप्रैल निर्धारित थी,जिसे सरकार ने बढाकर अब 9 मई कर दिया है।

दरअसल जिले के 18 हजार 74 किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है और जिले में 1 लाख 21 हजार 737 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी किए जाने का लक्ष्य शासन की ओर से निर्धारित किया गया है। गेहूं की खरीदी करने के लिए जिले में 33 खरीद केन्द्र बनाए गए है,जहां किसानों से स्टॉल बुक किए जाने के बाद उनके गेहूं की खरीदी की जा रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार तक जिले के 5078 किसानों के द्वारा गेहूं विक्रय करने के लिए स्लॉट बुक करा दिए गए है। जिनमें से 2350 किसान खरीद केन्द्रों पर पहुंचकर अपनी गेहूं की फसल को विक्रय भी कर चुके है। शनिवार की स्थिति में जिले के 33 खरीदी केन्द्रों पर 12 हजार 500 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी का जा चुकी है।



### शासन ने बढाई तिथि, अब 9 मई तक होगे स्लॉट बुक

प्रभारी अधिकारी फूड विभाग एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य ने बताया कि अब शनिवार समेत सप्ताह में छह दिन सभी उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा। इसके अलावा पंजीकृत किसानों की स्लॉट बुकिंग भी जारी रहेगी। यही नहीं,अब शासन की ओर से स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढाकर 9 मई कर दी गई है। अब किसान 9 मई तक गेंहू विक्रय करने के लिए स्लॉट बुक करा सकते है। खरीदी कार्य 12 मई तक जारी रहेगा। इसके अलावा सरकार ने खरीदी किए जाने के लक्ष्य को भी बढा दिया गया है।



### गेहूं खरीदी केंद्र पर अवैध वसूली का आरोप,तहसीलदार को सौंपा आवेदन

बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम मूंडला निवासी किसान महेन्द्र सिंह मीणा ने गेहूं खरीदी केन्द्र पर किसानों से अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए बडौदा तहसीलदार से इस मामले की शिकायत आवेदन सौंपकर की है। किसान नेता राधेश्याम मूंडला के साथ तहसील कार्यालय बडौदा पहुंचे किसान महेन्द्र सिंह मीणा ने तहसीलदार को दिए आवेदन में बताया है कि 20 अप्रैल 2026 को वह अपनी गेहूं की उपज को सलमान्या साइलो स्थित खरीदी केंद्र पर स्लॉट बुकिंग के बाद लेकर पहुंचा। वहां उपस्थित कर्मचारियों द्वारा गेहूं की गुणवत्ता खराब बताकर उसे रिजेक्ट कर दिया गया। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने किसान से संपर्क कर गेहूं पास कराने के नाम पर पैसों की मांग की। मजबूरी में उसने 1500 रूपए संबंधित व्यक्ति को दिए। इसके बाद संबंधित व्यक्ति ने साइलो केंद्र के अंदर जाकर कुछ समय पश्चात गेहूं पास करवा दिया, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत और भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त की जा रही है। किसान ने बडौदा तहसीलदार एसडी राठौर से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

वारदात से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# बागल्दा के जगन्नाथ मंदिर में चोरी दानपेटी तोड़ उसमें रखी राशि ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में चोरियों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। अब चोर मंदिरों को भी निशाना बनाने नहीं चूक रहे है। ताजा मामला बड़ौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बागल्दा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का है, जहां बीती रात्रि के दौरान अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर मंदिर की दानपेटी को तोड दिया और उसमें रखी नकदी राशि लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार दानपेटी में करीब 50 हजार रुपये रखे हुए थे, जिन्हें चोर आसानी से पार कर ले गए।



शनिवार की सुबह इस घटना का खुलासा तब हुआ,जब सुबह पुजारी मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। मंदिर के मुख्य दरवाजे का ताला और दानपेटी टूटी हुई देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोग इस बात को लेकर आक्रोशित नजर आ रहे थे कि अब चोर भगवान के मंदिरो को नहीं छोड रहे है तो आम लोगों के घर कैसे सुरक्षित रह पाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब क्षेत्र में मंदिर को निशाना बनाया गया हो। इससे पहले भी जिले भर के इलाकों में मंदिरों में चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक इन मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। मंदिर के पुजारी समेत बागल्दा के ग्रामीणों ने बडौदा थाने पहुंचकर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। बडौदा थाना पुलिस ने इस मामले में अज्ञा चोरो के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पति और सास ससुर के खिलाफ दहेज एक्ट का केस दर्ज

# नव विवाहिता दहेज में नहीं लाई बोलेरो तो ससुराल जनों ने मारपीट कर घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गसवानी थाना क्षेत्र में एक नव विवाहिता महिला को दहेज में बोलेरो गाडी नहीं लाने पर मारपीट करने के बाद घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने पति और सास ससुर समेत तीन ससुरालीजनों पर दहेज एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। गसवानी थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम चक बडौदा निवासी सपना धाकड 20 वर्ष की शादी करीब सालभर पहले 17 मई 2025 को




ग्राम गोहरा निवासी राजेन्द्र धाकड के साथ हुई थी। शादी के दौरान मायके पक्ष की ओर से अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया गया।लेकिन इससे ससुरालीजनों का पेट नहीं भरा और वे नव विवाहिता को शादी के बाद दहेज में अपने पिता के घर से बोलेरो गाडी लाने की मांग करने लगे और जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालीजनों ने नव विवाहिता को प्रताडित और मारपीट करके घर से निकाल दिया। जिसके चलते नव विवाहिता को अपने पिता के घर में रहने को मजबूर होना पड रहा है। इस मामले में पुलिस ने नव विवाहिता सपना धाकड पत्नी राजेन्द्र धाकड की रिपोर्ट पर पति राजेन्द्र धाकड, ससुर नवल सिंह धाकड, सास विमला धाकड निवासी गोहरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# डीईओ ने दिखाए तेवर, 18 संकुल प्राचार्य, 291 हेडमास्टर और 1652 लोकसेवकों का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर यश जैन ने तेवर दिखाते हुए जहां शुक्रवार को 16 प्राचार्यो को नोटिस थमा दिए, वहीं शनिवार को जिले के 18 संकुल प्राचार्यो, 291 हेडमास्टरों तथा 1652 शिक्षकों का अप्रैल माह का वेतन जारी करने पर रोक लगा दी है। इस दौरान डीईओ ने साफ शब्दों में निर्देश भी जारी कर दिए है कि जब तक विभागीय काम में प्रगति देखने को नही मिलेगी, तब अप्रैल माह का वेतन मिलना संभव नहीं हो पाएगा। डीईओ की इस कार्रवाई शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक सकते में आ गए है।

बताया जा रहा है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा लगातार




कर्मचारियों की ई सेवा पुस्तिका शत प्रतिशत सत्यापित किए जाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, जिससे आगामी माह में अतिशेष, स्थानांतरण इत्यादि कार्यवाही की जा सके। इसी क्रम में डीईओ के द्वारा लगातार जिले के संकुल प्राचार्यो को निर्देशित किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी जिले में कार्यरत कुल 2597 लोकसेवकों में से 1652 लोक सेवकों द्वारा अभी तक न तो स्वयं की आईडी पासवर्ड से एजुकेशन पोर्टल पर स्वयं की जानकारी भरी गई और न ही लॉक की गई है। जिसके चलते जिले के 1652 शिक्षकों के अप्रैल माह के वेतन पर डीईओ के द्वारा रोक लगा दी गई है। जबकि 291 हेडमास्टरों का अप्रैल माह का वेतन इसलिए रोका गया है, क्योंकि इनके द्वारा स्वयं की अटेंडेंस पोर्टल पर नहीं लगाई जा रही है। इसके अलावा डीईओ ने 18 संकुल प्राचार्यो के अप्रैल माह के वेतन पर भी इसलिए रोक लगा दी है,क्योंकि उनके द्वारा उक्त कार्यो में रूचि नहीं ली जा रही है। यदि रूचि ली जा रही होती तो श्योपुर जिले में संबंधित कार्य की प्रगति अच्छी होती।

ढाई साल की मासूम बालिका को हाईवे पर छोड़ देने का मामला

# पुलिस रिमांड पर चल रहे पति-पत्नी को लेकर भोपाल गई पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर सोंईकलां के पास ढाई साल की मासूम बच्ची को लावारिस छोड़ देने संबंधी मामले में श्योपुर पुलिस भोपाल से दो लोगो को अरेस्ट करके श्योपुर ले आई है। जिनके नाम आकाश और कृतिका है,ये दोनो आपस में पति पत्नी है। दोनो पति पत्नी को पुलिस ने श्योपुर न्यायालय में पेश करने के बाद तीन दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया है।

बताया जा रहा है कि एक पुलिस टीम पति पत्नी को लेकर भोपाल गई



है। जहां पुलिस टीम यह पता करेगी कि इस मासूम बालिका को कहां से गोद लिया था और गोद लेने संबंधी प्रक्रिया कहां पर हुई थी। उसके दस्तावेज कहां पर है। इस संबंध में पूछताछ करने के बाद पुलिस टीम यह भी पता करने का प्रयास करेगी कि कहीं इस मामले में और कोई बडी साजिश तो नहीं रची जा रही थी तथा इस साजिश में इस दंपती के अलावा और कोई तो शामिल नहीं है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि भोपाल भेजी गई पुलिस टीम जब लौटकर आएगी, तभी इस मामले में कुछ बताना संभव हो पाएगा। लेकिन यह तय मानिए कि मामले का खुलासा जल्द ही कर दिया जाएगा। जो भी कोई दोषी होगा,वो बच नही पाएगा।

## श्योपुर में रेलवे का काम कर रही कंपनी के टीम लीडर की संदिग्ध मौत,कमरे के अंदर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर में ब्रॉडगेज रेलवे का काम रही कंपनी के टीम लीडर राधाकृष्ण मूर्ति 55 वर्ष पुत्र वैकंटेश्वराव निवासी न्यू मुराती नगर आंध्रप्रदेश की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। उनका शव शहर के बायपास रोड क्षेत्र में किराए के कमरे के अंदर विस्तर पर पडा मिला है। मौत होने के कारण तो फिलहाल स्पष्ट पता नहीं है,लेकिन मौत हार्टअटैक से होने की बात सामने आई है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि श्योपुर में सीईजी कंपनी ब्राडगेज रेलवे का काम रही है। इस कंपनी में आंध्रप्रदेश का राधाकृष्ण मूर्ति टीम लीडर के रूप में काम करता था और यहां बायपास रोड स्थित मकान में किराए से रहता था,जब इस कंपनी का आफिस बॉय विवेक शर्मा टीम लीडर लेने के लिए उनके किराए के मकान पर पहुंचा तो उन्होने वेल बजाने पर भी गेट नहीं खोला,जब कंपनी के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होने गेट खोला तो राधाकृष्ण मूर्ति अपने कमरे के अंदर विस्तर पर मृत अवस्था मे उल्टे पडे थे। कोतवाली थाना पुलिस ने पीएम कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मेवरा के मिडिल स्कूल का चोरों ने ताला तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के ग्राम मेवरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का बीती रात्रि के दौरान चोरो ने ताला तोड़ दिया। जिसका पता स्कूल स्टाफ को शनिवार की सुबह स्कूल पहुंचने पर चला। स्कूल प्रभारी मिस्श्रीलाल शाक्य ने इस मामले की रिपोर्ट विजयपुर थाने में पहुंचकर दर्ज कराई। स्कूल प्रभारी ने विजयपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि चोर स्कूल का ताला तोडकर एक पंखा और एक चार्जिंग एलईडी को चोरी करके ले गए है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढुडैर निवासी मलखान कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी वर्षा सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष और शिवांस सोनी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोधन निवासी सुजान पुत्र हल्लू बरार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ईदल सिंह बुन्देला, राजेश ढीमर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी अजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी हरपाल सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हेमन्त रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़न का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत रश्मि पाल निवासी सतेन्द्र गली नगेश्री चैराहे अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर संदीप पाल, दुर्गा पाल, वर्षा पाल, कपिल पाल निवासी बाणगंगा इन्दौर द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी पूर्वक 1 लाख 7 हजार रुपए निकाले

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी निजामुददीन चैराहा निवासी राधेश्याम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात किसी व्यक्ति ने फरियादी के केनरा बैंक खाते से धोखाधड़ी पूर्वक 1 लाख 7 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के अशोकनगर शहर के दुर्गा कॉलोनी निवासी यश रघुवंशी उम्र 20 को जहरीला पदार्थ खाने के बाद बीती रात जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, अस्पताल की पुलिस चैकी के अनुसार उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### आंगनवाडी केन्द्रों के समय में बदलाव

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिड़े द्वारा जिले में अत्याधिक गर्मी तापमान अधिक होने के कारण आंगनवाडी केन्द्र का समय प्रातः 8 बजे से 03 तक नियत किया गया है।

---

धूप से बचने के लिए लोग कर रहे हैं जतन, दोपहर में शहर की सड़कें सूनी

# अशोकनगर में तीखी गर्मी के साथ तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में इन दिनों गर्मी पूरे सबाव पर चल रही है, तेज गर्मी के कारण लोगों का सड़क से निकलना मुश्किल है, थर्मा मीटर का पारा 41.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 42 डिग्री सेल्सियस के बीच झूल रहा है। धूप से बचाव के लिए लोग तरह तरह के प्रयास करने में जुटे हुए हैं।

अशोकनगर जिले में गर्मी भी बहुत पड़ती है सर्दी की बात करें तो सर्दी भी खूब पड़ती है और बारिश की बात करें तो बारिश भी अच्छी होती है। यहां तीनों मौसम अपना असर दिखाते हैं इस समय ग्रीष्म काल का मौसम चल रहा है तापमान में लगातार कभी गिरावट तो कभी तेजी चल रही है अभी 3 दिन पहले तक अशोकनगर जिले का तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस तक चल रहा था लेकिन एक प्रतिशत की कमी आई है लेकिन गर्मी के तेवर वैसे ही है हालांकि सुबह 9 00 बजे से तीखी धूप शुरू हो जाती है जो शाम 6:00 बजे तक चलती है इस गर्मी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है।

धूप से बचने के लिए लोग घरों से बाहर निकलने के लिए शरीर को ढक कर चल रहे हैं महिलाओं की बात करें वह पूरे शरीर पर कपड़ा लपेट निकल रही हैं। अशोकनगर शहर से गांव जाने वाले लोग यह गांव से शहर आने वाले लोग भी कपड़ा बांधकर ही आ जा रहे हैं। इसके अलावा शहर में निकलने वाले लोगों को भी कभी गमछे का सहारा लेना पड़ रहा है तो कभी सर बचाने के लिए टोपी का सहारा लेना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पंखे भी खूब गर्म हवा फेंक रहे हैं, इस समय हर व्यक्ति को गर्मी से बचाव की जरूरत है कोई कूलर का सहारा ले रहा है तो कोई एसी का सहारा ले रहा है, यानी सब कुछ मिलकर लोगों को गर्मी से बचाव की जरूरत है।

### पानी की समस्या को लेकर टेंकर से हो रहा है पानी प्रदाय

लोगों को पानी की जरूरत भी पड़ने लगी है वैसे तो अशोकनगर शहर पानी के मामले में अन्य शहरों की तुलना में बेहतर नगर है यहां पूरे वर्ष पर पानी की समस्या ऊनी बस्तियों में रहती है जहां पाइपलाइन नहीं है लेकिन कई इलाके ऐसे दिन में गौशाला रोड नई आबादी ऐसा इलाका है जहां लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है ऐसे शहर के दर्जन पर इलाके हैं जहां पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है या पानी का प्रेशर कम है प्रबंध तो नगर पालिका के सारे हैं लेकिन जरूरत जितने पानी की है उतना पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी आदमी की पहली आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए इस पर काम हो रहा है लेकिन अब लोगों को जल्दी अशोकनगर शहर की अमाई तालाब की जल व्यवस्था के साथ-साथ राजघाट बांध से आने वाले पानी की व्यवस्था के शुरू होने का इंतजार है ताकि यह शहर आने वाले 50 वर्षों तक पानी की जल संकट की समस्या से निजात पा सके। क्योंकि यह तालाब भी पूरी तरह वर्षा पर निर्भर रहता है अच्छी वर्षा हुई तो पानी अच्छा मिलेगा कम वर्षा हुई तो पानी की समस्या रहेगी। इसलिए इस तरह के साथ-साथ यहां पर राजघाट बांध जो अशोकनगर जिले की चंदेरी तहसील के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बीच में बसा हुआ है इस बांध से पूरे वर्ष पर पानी शहर के लोगों को आसानी से मिल सकता है यह बांध बेतवा नदी पर बना है और अशोकनगर जिले के सारे नगरी शेरों के लिए यह समस्या हमेशा के लिए समाप्त होने की तैयारी में ताकि अशोकनगर जिला पानी के मामले में आत्मनिर्भर हो सके लोग इस इंतजार लोग इस योजना के शुभारंभ का इंतजार कर रहे हैं।

### दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा

गर्मी के दिनों में लोग दोपहर के समय 12 से 4रू00 बजे तक बाहर निकलने से खतरा रहे क्योंकि इस समय धूप पूरे सबाव पर होती है गर्म हवाएं चलती हैं और व्यक्ति के जीवन पर असर भी पड सकता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पहले ही एडवाइजरी जारी कर चुका है कि धूप से बचने के लिए किस तरह के प्रयास किए जाए। कैसे शरीर का बचाव किया जाए और कैसे बचाव के लिए अपडेट रहा जाए। क्योंकि अशोकनगर जिला ग्वालियर संभाग का सबसे आखरी जिला है यहां गर्मी भी ऐसे पड़ती है और सर्दी भी अधिक पड़ती है यहां गर्मी के मौसम में तीन तरह से मौसम की मार चलती है एक तरफ बुंदेलखंड की ओर से आने वाली हवाएं दूसरी ओर मालवा क्षेत्र से चलने वाली हवाएं और तीसरी राजस्थान की ओर से आने वाली हवाएं यहां के मौसम पर असर डालती हैं कभी दिल में धूल के गुवार उड़ने लगते हैं तो कभी बादल छा जाते हैं लेकिन मौसम की विपरीत्ता लगातार चल रही है। अशोकनगर जिले में गर्मी के मौसम में तापमान जहां बढ़ रहा है।

---

## युवक पर चलाई गोली, हाथ पर लगी, सिविल अस्पताल में भर्ती



**बीना।** भानगढ़ थाना अंतर्गत भुजरिया नाला पर एक बाइक सवार युवक के ऊपर आरोपियों के द्वारा गोली चला दी। गोली युवक के हाथ पैर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो। घायल को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं भानगढ़ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी पुलिस पकड़ से बाहर है।

जानकारी अनुसार देवराजी निवासी चैन सिंह लोधी पिता हरिशंकर लोधी उम्र 37 साल शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपने गांव से कंजिया जा रहा था। तभी भुजरिया नाला के ऊपर रामराजा लोधी, हजरत लोधी एवं लक्ष्मण लोधी ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। फरियादी ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपी रामराजा लोधी ने कट्टा से हमला कर दिया। जिससे गोली उसके हाथ में गोली लगने से चैन सिंह लोधी घायल हो गया। बताया जा रहा है कि चैन सिंह और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश चली जा रही है

भानगढ़ पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आरोपी रामराजा लोधी, हजरत लोधी एवं लक्ष्मण लोधी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, घटना के बाद से आरोपी फरार है।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** जिले में राजस्व कार्यों की समीक्षा एवं सुधार के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डी एन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, बृजबिहारी श्रीवास्तव,जिले के समस्त एसडीएम,तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा लंबित राजस्व प्रकरणों, भूमि रिकॉर्ड के अद्यतन, नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम नागरिकों के कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग का कार्य सीधे आम जनता से जुड़ा होता है, इसलिए कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर समस्याओं का मौके पर समाधान करें।

---

## गर्ल्स कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का किया गया समापन



**बीना।** गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा प्रत्येक महिला को अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर उसे सही रूप देना चाहिए। ताकि वह समाज में अपना स्वतंत्र और सशक्त अस्तित्व स्थापित कर सके। जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली राय ने कहा कि सरकार द्वारा राजनीतिक क्षेत्र में लागू किए जा रहे 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के माध्यम से अब महिलाओं को और भी अधिक शक्ति के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी।

राखी समैया ने पौराणिक काल और आधुनिक तकनीक के युग का सुंदर विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने समझाया कि पौराणिक काल की नारी शक्ति आज के टेक्नोलॉजी युग से कहीं अधिक सामर्थ्यवान थी, इसलिए हमें अपनी उसी गौरवशाली नारी शक्ति परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज निर्माण में सक्रिय सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में सुनीता राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कॉलेज में आयोजित सत्र में कॉलेज स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

### नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया गया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में 23 अप्रेल को फरियादिया द्वारा थाना देहात पर अपनी नाबालिग पुत्री के अपहृत होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 229/26, धारा 137(2) भा.न्या.सं. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीमों द्वारा संभावित स्थानों पर सतत दबिश एवं तलाश की कार्यवाही की गई।



### घर में आग लगाने वाला गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पिपरई।** नगर के इमालिया में हुई आगजनी की सनसनीखेज घटना में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। घर में आग लगाने वाले आरोपी मांगी लाल को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते देर रात घर में आग लगा दी, जिससे घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू की और संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

---

3 किलोमीटर पैदल चलकर इटावा जैन मंदिर

## शांति एवं धर्म संदेश के साथ शहर में निकाली गई भव्य पदयात्रा

**हमें अपने जीवन में संयम, विनम्रता और सदाचार को अपनाना चाहिए- ब्रह्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



कल्याण का मार्ग निराकुलता में है, जहां आकुलता है वहां शांति नहीं है इसी पावन भाव के साथ एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पदयात्रा बाल ब्रह्मचारी संदीप भैया के सानिध्य में शनिवार सुबह 6 बजे स्थानीय श्रुतधाम जिनालय से प्रारंभ हुई। जो करीब 3 किलोमीटर पैदल चलकर नाभिनंदन दिगंबर जैन मंदिर इटावा पहुंची। यात्रा में समाज के सभी वरिष्ठजन, युवा, महिला मंडल एवं पाठशाला परिवार के सदस्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सभी श्रद्धालु प्रभु भक्ति के गीत गाते हुए अनुशासन के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़े और विभिन्न स्थानों पर दर्शन कर पुण्य अर्जित किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मार्ग में अनेक स्थानों पर स्वागत एवं वंदन किया गया। संपूर्ण वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर ब्रह्मचारी संदीप भैया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि मनुष्य जब तक प्रभु की भक्ति कर उनके बताए मार्ग पर नहीं चलता, तब तक जीवन में सच्चा सुख और शांति प्राप्त नहीं कर सकता। भैया जी ने आगे कहा यह पदयात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और धर्म से जुड़ने का माध्यम है। हमें जीवन में संयम, विनम्रता और सदाचार को अपनाना चाहिए। श्रुतधाम के बड़े बाबा श्री 1008 आदिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक बाल ब्रह्मचारी संदीप भैया के सानिध्य में सम्पन्न होगा, सभी साधर्मी पहुंचकर पुन्य लाभ लेवें।

## ग्रीष्मकालीन यात्रा के लिए दो विशेष ट्रेनों की संचालन

**बीना।** ग्रीष्मकालीन यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा दो विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। ये दोनों विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशन इटारसी, भोपाल, रानी कमलापति एवं बीना से होकर संचालित होंगी, जिससे मंडल के यात्रियों को आवागमन में अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क संपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 01079/01080 छत्रपति शिवाजी टर्मिनसझ्गोरखपुरझ्छत्रपति शिवाजी टर्मिनस दैनिक विशेष ट्रेन के संचालन अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन नंबर 01079 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से 15 मई से 15 जुलाई तक प्रतिदिन संचालित होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 01080 गोरखपुर से 17 मई से 17 जुलाई तक प्रतिदिन संचालित होगी। यह विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों पर ठहराव लेकर यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी। इसी तरह यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए ट्रेन नंबर 01415/01416 पुणेझ्गोरखपुरझ्हडपसर दैनिक विशेष गाड़ी की संचालन अवधि में भी विस्तार किया गया है। ट्रेन नंबर 01415 पुणे से 15 मई से 15 जुलाई तक प्रतिदिन संचालित होगी। ट्रेन नंबर 01416 गोरखपुर से 16 मई से 16 जुलाई तक प्रतिदिन संचालित होगी। विशेष ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, रानी कमलापति एवं बीना स्टेशनों से होकर संचालित होगी, जिससे मंडल के यात्रियों को उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के मध्य यात्रा के लिए अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा।

---

## पखन दरवाजे के पास अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर के ऐतिहासिक पखन दरवाजा क्षेत्र में शासकीय आबादी की भूमि पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को आज प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए ध्वस्त कर दिया। रचना साड़ी सेंटर के पास स्थित मस्जिद के समीप बनाए जा रहे एक अवैध शौचालय के निर्माण को तहसीलदार और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से तोड़ गिराया।

जानकारी के अनुसार, पखन दरवाजा क्षेत्र में स्थित सरकारी जमीन पर पिछले कुछ समय से अवैध निर्माण की कोशिशें की जा रही थीं। स्थानीय स्तर पर इस अतिक्रमण की लगातार शिकायतें प्रशासन को प्राप्त हो रही थीं। बताया जा रहा है कि यहाँ मस्जिद के पास शासकीय आबादी की भूमि पर बिना अनुमति के शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था।

मामले की गंभीरता और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार दिलीप दरोगा स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके साथ नगर पालिका का अमला और पुलिस बल भी मौजूद रहा।


**मुंगावली के व्यक्ति को कोई ठग नहीं सकता बहुत आगे का होता है**

## जिंदगी को नैगलेक्ट मत करो जिंदगी मिली है तो इसको अच्छे से जियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

हमें जो प्रकृति से मिला है, उसका स्वागत करना है इस जिंदगी को गुजारो मत जिंदगी को नैगलेक्ट मत करो जिंदगी मिली है तो इसको अच्छी तरह से जीना सीखो कितने लोग अपनी खुद की जिंदगी को कोसते हैं ऐसे है ही निगोद आदि की यात्रा करते हैं। एक सांस में आठ-दस बार मरते हैं आपको जो भी जिंदगी मिली है इसका हमेशा वैलकम करना। कुदरत ने आपको जिंदगी दी तो है इतना और भी कह देना कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो मुझे मनुष्य की पर्याय मिली। प्रभु का धन्यवाद करो जैसे ही तुमने वेलकम किया फिर देखना आपका विकास होना प्रारम्भ हो जायेगा। इसलिए प्रकृति ने जो तुम्हारे लिए दिया है उसमें ख़ुश रहना है। उक्त आश्य केउद्गार सुधा सागर सभागार में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए





**हर व्यक्ति सर्व प्रसिद्ध होना चाहता है सारी दुनिया का मैं स्वामी बनना चाहता है**

उन्होंने कहा हर व्यक्ति प्रसिद्ध होना चाहता है सारी दुनिया का मैं स्वामी वनना चाहता है अपनी हुकूमत सारी दुनिया पर चलना चाहता है यहां तक कि सारी दुनिया भगवान का वाप वनना चाहती है। इसके लिए पैसे भी देने को तैयार है भगवान वनने में कोई पैसा नहीं लगता फोक्ट में ही वन जायेंगे भगवान के माता-पिता की पूछ उनके रहने तक ही है आप स्वयं ही समझ सकते हैं कि जव तक तीर्थंकर प्रभु जव तक घर में थे तव तक ही उनकी वखत थी जो सौधर्म इन्द्र सैकड़ों बार अयोध्या आया वहीं सौधर्म इन्द्र क्या कोई भी देवता दीक्षा के वाद एक भी माता पिता की खबर नहीं लेता फिर भी हर व्यक्ति भगवान के माता-पिता वनने को तैयार है भगवान की पूजा तीन लोक में तीनों काल में हो रही है इतने व्यापक हो गये कि जनता ने उनकी मूर्ति वना ली हमने कहा था कि भगवान तो चले गए ओरिजनल भगवान की ताकत तो एक थी लेकिन भक्तो के भगवान कितने है हर प्रतिमा का अतिशय अलग-अलग होती हर मूर्ति की ताकत अलग अलग है मुर्तियां भक्तो की श्रद्धा से वनी है

### भगवान से भी ज्यादा ताकत भगवान की मूर्ति में होती है

उन्होंने कहा कि भगवान से भी ज्यादा ताकत भगवान की मूर्ति में होती है साक्षात भगवान से भले आप को कुछ ना मिले लेकिन श्रद्धा से अपनी भक्ति अंतरआत्मा की आवाज पर आपने जो मुर्ति बैठाई है वह आपको सब कुछ दे सकती है। जिस कार्य में आपका कोई योग दान न हो उससे कुछ भी पाने की कोशिश मत करना किसी पेड़ से आप एनर्जी चाहते हो तो आपने कभी उसे पानी दिया है उसके बारे में सोचा है किसान को सुखी रोटी बहुत ताकत देती है वहीं रोटी आपका घी दूध से मान मलिदा बनाकर भी खये तो भी वह व्यक्ति की भुख मिटाने का ही काम करेगी आपको दुआये नहीं दे सकती ।